दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-297
मुरादाबाद
18 February 2025
(Tuesday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने यूपी विधानसभा के मुख्य द्वार का किया उद्घाटन, भित्तिचित्रों का किया अनावरण



सीएम योगी ने सोमवार को यूपी विधानसभा के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया और भित्तिचित्रों का अनावरण किया। इससे भवन अंदर से कलात्मक नजर आने लगा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है।नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। हाईटेक और कलात्मक रूप से सुदृढ़ हो रही विधानसभा- विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा को तकनीकी रूप से उन्नत करने के साथ-साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय और कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा %मोना% उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सर्वदलीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रमुख नेता शामिल हुए।

## गोंडा पहुंचे जेपीसी अध्यक्षः बोले- वक्फ बिल पर देश में भ्रम पैदा कर रहा विपक्ष, इससे गरीबों को मिलेगा लाभ



गोंडा पहुंचे जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि वक्फ बिल पर विपक्ष देश में भ्रम पैदा कर रहा है। इसके आने से गरीबों को लाभ मिलेगा। यूपी के गोंडा में गौरा से भाजपा विधायक प्रभात कुमार वर्मा के घर रविवार को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने डुमरियागंज से भाजपा सांसद एवं जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल पहुंचे। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब विपक्ष के साथियों के बयान से एक बात साफ हो गई है, कि ये लोग देश में सिर्फ भ्रम पैदा कर रहे हैं। देश भर में लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। कहा कि वक्फ संशोधन बिल पारदर्शी तरीके से आ रहा है। अब भविष्य में वक्फ की जमीन का जिस तरह से मुतवल्ली या खुर्द बुर्द हो रहा था। वक्फ का फायदा किसी गरीब मुसलमान को नहीं मिल रहा था। किसी अनाथ को नहीं मिल रहा था। किसी विधवा को नहीं मिल रहा था। अब सभी को मिलेगा। इसका लाभ गरीबों को मिलेगा-आखिर हर जिले में वक्फ की जमीन है। उस जमीन से कहीं किसी गरीब की मदद, शिक्षा में, स्वास्थ्य में कोई मदद नहीं हो रही है। केंद्र सरकार के कानून से पारदर्शी ढंग से इसका लाभ गरीबों को मिलेगा। इसी तरह पहले तीन तलाक का पूरे देश में विरोध हो रहा था, आज कानून बन गया तो अल्पसंख्यक महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। स्वाभाविक है कि आज यह बिल आने के बाद जो वक्फ जमीनों को जो सुरक्षित करने की मंशा है, वह पूरी होगी।

### संक्षिप्त समाचार



## संत प्रेमानंद की फिर शुरू हुई पदयात्रा, ब्रजवासियों की खुशी का नहीं रहा ठिकाना

पिछले दिनों एनआरआई सोसाइटी के विरोध के बाद संत प्रेमानंद ने अपनी पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी थी। अब सोसाइटी पदाधिकारियों ने संत से माफी मांग ली, जिसके बाद फिर से पदयात्रा शुरू हो गई। ब्रजवासियों की अपार श्रद्धा और अनुरोध को देखते हुए संत प्रेमानंद महाराज ने अपनी पदयात्रा का मार्ग बदलते हुए एनआरआई सोसाइटी के सामने से निकाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।सुबह के समय जब संत प्रेमानंद महाराज पदयात्रा पर निकले तो भक्तों में उत्साह देखने लायक था। ब्रजवासियों की मांग पर उन्होंने अपनी यात्रा को एनआरआई सोसाइटी के सामने से निकालने का निर्णय लियायात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए संत महाराज के साथ चलते रहे। श्रद्धालुओं ने मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। महाराज ने भी भक्तों को आशीर्वाद दिया।

## स्वतंत्र देव सिंह बोले-कांवड़ और राम यात्रा पर प्रतिबंध लगाते थे अखिलेश, आज हेलीकॉप्टर से होती पुष्प वर्षा



कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव कांवड़ और राम यात्रा पर प्रतिबंध लगाते थे। आज योगी सरकार हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करा रही है। यूपी के गोंडा में गौरा से भाजपा विधायक प्रभात वर्मा के बेटे प्रतीक वर्मा का रविवार को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। कहा कि इस समय भव्य, दिव्य और डिजिटल महाकुंभ का आयोजन किया हो रहा है। महाकुंभ के आयोजन से देश ही नहीं विश्वभर में सनातन धर्म का झंडा बुलंद हो रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अब तक करोड़ों लोग स्नान कर चुके हैं। संख्या की बात करें तो 50 करोड़ से अधिक लोगों ने अभी तक स्नान कर चुके हैं। प्रयागराज कुंभ में लोग स्नान करके पुण्य के भागीदारी बन रहे हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में एक अच्छा महाकुंभ चल रहा है। योगी सरकार करवा रही पुष्प वर्षा-उन्होंने अखिलेश यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उनकी बात छोड़ दीजिए। वह कांवड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाते थे। राम यात्रा पर प्रतिबंध लगाते थे। देव दीपावली पर प्रतिबंध लगा देते थे। आज अगर सरकारी हेलीकॉप्टर से कोई पुष्प वर्षा करवा रहा है तो वह योगी सरकार करवा रही है। ऐसे समय पर इस तरीके की राजनीति करके और लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। उनकी दाल अब उत्तर प्रदेश में गलने वाली नहीं है।

## यूपी बजट सत्रः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- अगर आम जनता के लिए बजट है तो हम जरूर इसका समर्थन करेंगे




यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अगर यूपी सरकार का बजट किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों के लिए हितकारी हुआ तो हम जरूर इसका समर्थन करेंगे।उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के लिए मदद होनी चाहिए। छोटे व्यापारियों का ख्याल रखा जाना चाहिए। ऐसे बजट का हम समर्थन करेंगे लेकिन अगर बजट सरकार के खुद के एजेंडा को आगे बढ़ाने वाला और सिर्फ कार्पोरेट के हित हुआ तो हम जरूर इसका विरोध करेंगे। यूपी का बजट सत्र मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। इसे लेकर सोमवार को लखनऊ में सर्वदलीय बैठक हुई।

## भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी का बड़ा आरोप, सोरोस की फंडिंग से जुड़ी कांग्रेस और विपक्ष की साजिश!



भाजपा की तरफ से कांग्रेस और विपक्ष पर जॉर्ज सोरोस की फंडिंग से जुड़े मामले को लेकर निशाना साधा गया है। मामले में भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, जो भी सैम पित्रोदा कह रहे हैं, वो उनके बोल हो सकते हैं, लेकिन इसके असली लेखक जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस पार्टी हैं, और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दल इसमें सुर मिला रहे हैं। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के विवादित बयान को गंभीरता से उठाया, कहा कि यह भारत की अस्मिता और शहीदों का अपमान है। उन्होंने सैम पित्रोदा की तरफ से चीन को दुश्मन न मानने की बात को निंदनीय बताया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेताओं के विदेशी संबंधों और चुनाव में विदेशी फंडिंग पर भी सवाल उठाए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और विपक्ष पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) ने 2011 में भारत में एक समझौता किया था। यह समझौता इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट के साथ हुआ, जो चुनाव आयोग से जुड़ा संगठन है। इस फंडिंग में कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग (सीईपीपीएस) नाम की संस्था भी शामिल थी, जो जॉर्ज सोरोस की ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से जुड़ी है। सुधांशु त्रिवेदी के अनुसार, जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी के जरिए भारत में आधा अरब डॉलर (लगभग 500 मिलियन डॉलर) निवेश किया और 2011 के बाद हर साल 3.5 लाख डॉलर भारत आ रहे थे। उन्होंने कहा, जो भी सैम पित्रोदा कह रहे हैं, वो उनके बोल हो सकते हैं, लेकिन इसके असली लेखक जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस पार्टी हैं, और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दल इसमें सुर मिला रहे हैं। वहीं भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, गौरव गोगोई का जॉर्ज सोरस की फाउंडेशन से कनेक्शन उजागर हो रहा है। साथ ही, उनका पाकिस्तान दूतावास से संपर्क भी चिंता का विषय है। इस मौके पर उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गौरव गोगोई ने भारतीय वायुसेना और अर्धसैनिक बलों के खिलाफ बयान दिए, जिससे साफ होता है कि देश पर हमला करने की एक गहरी साजिश चल रही है। भाजपा नेता के इन बयानों के बाद देश में इस मुद्दे को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। फिलहाल इस पर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की प्रतिक्रिया आनी बाकी है।

## 'भाजपा ने लूटा न्यू इंडिया बैंक', राउत ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना; पीएम मोदी से भी पूछे तीखे सवाल



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने एक साथ कई मुद्दों पर भाजपा पर हमला किया है। एक तरफ जहां उन्होंने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की गड़बड़ी मामले में भाजपा नेताओं को जिम्मेदार बताया तो पीएम मोदी से भी अवैध प्रविसियों को भारत भेजने के तरीके को लेकर तीखे सवाल पूछे। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की गड़बड़ी मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा के सदस्य न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की गड़बड़ी में शामिल थे। साथ ही राउत ने मामले पर महाराष्ट्र सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप भी लगाया। बता दें कि इस मामले में बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर बैंक के प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों से धन की चोरी करने का आरोप है।पत्रकारों से बातचीत के दौरान राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता किरीट सोमैया इस मामले पर चुप हैं, क्योंकि भाजपा के सदस्य इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसा आम लोगों का था, खासकर टैक्सी चालकों का। राउत ने यह भी सवाल किया कि सोमैया प्रभावित जमाकर्ताओं का समर्थन क्यों नहीं कर रहे हैं और ईडी को क्यों सूचित नहीं किया गया।

इसके अलावा, राउत ने भाजपा विधायक सुरेश धास की आलोचना की और उन पर बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाया। राज्यसभा सांसद ने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। राउत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उन रिपोर्टों पर कार्रवाई करने में विफल रहे, जिनमें यह दावा किया गया था कि अवैध आव्रजन के दौरान अमेरिका से निकाले गए भारतीयों को बेड़ियों में जकड़ा गया था। राउत ने सवाल उठाया कि यदि प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में मदद की, तो जब अमेरिका भारतीयों को जंजीरों में बांध कर भेज रहा था, तब उन्होंने क्यों कार्रवाई नहीं की।

राउत ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन-रूस युद्ध को रोक सकते हैं, तो जब भारतीयों को जंजीरों में जकड़ा गया, तब उन्होंने क्या किया? राउत ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिकी अधिकारियों ने निर्वासित सिखों को अपनी पगड़ी उतारने के लिए मजबूर किया। साथ ही राउत ने प्रयागराज में कुंभ मेला और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ पर भी सवाल उठाए, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी।

## संपादकीय Editorial

# Political uproar over Waqf

India is a democratic and constitutional nation. There is rule of law, neutral and prudent judiciary. There is also a Waqf Board in this country. If it points its finger towards any building, land, village and centuries old temple or monastery, it is considered its property. Of course, there is also a tribunal for disputes, but more than 40,950 cases are still pending in it. There are also 9942 cases which have been filed by Muslim litigants against Waqf. After the army and railways, the Waqf Board has the highest land in the country, i.e. 9.40 lakh acres.

If economic analysis is done, then there should be an income of Rs 1.25 lakh crore from that land. The occupiers of Waqf land have been claiming an income of only Rs 200 crore.

Does this indicate any scam? Can such autocracy and lawlessness be acceptable in a constitutional country? This is the basic basis on which amendment in the existing law is necessary for new laws, new rules and a completely legal format of the Waqf Board. A total of 30 Central and State Boards are functioning in India. Lakhs of properties are under the Waqf Board, but there is no benefit for the common Muslim. There is no authorized hospital for the common Muslim. There are no modern schools, colleges. There is no special scheme of financial help for the needy.

Many serious and harsh comments were made on Waqf in the report of the Sachar Committee on the condition of Muslims. In fact, a powerful section has illegal occupation of lakhs of properties through the Waqf Board. Under Articles 14, 15 and 29 of the Constitution, neither anyone's fundamental rights are being taken away, nor religious freedom is being 'slaved', nor is the government planning to occupy any mosque, place of worship, dargah, madrasas, graveyards etc. It is not even possible to do this in a country with a Constitution and an influential judiciary. Muslim MP Owaisi should prove on the basis of evidence and past events that the government wants to make the Waqf Amendment Act so that the Waqf properties of Muslims can be usurped. Muslims and the leaders of political parties surviving on their vote bank are playing politics to provoke and agitate the average Muslim, so the Leader of Opposition in Rajya Sabha Mallikarjun Kharge has termed the 655-page report of the Joint Parliamentary Committee (JPC) on the Waqf Bill as 'fake'. It has also been considered undemocratic, unconstitutional and anti-procedure. What is 'unconstitutional' in democratic India is that there is no 'central data' of Waqf properties available.

Waqf people consider even the land of Parliament House as Waqf property. Thankfully, Rashtrapati Bhavan is still out of their sight. How long will it take for Waqf to consider the land of Red Fort and Qutub Minar as Waqf property? It is surprising that the decision of the Wakf Tribunal cannot be challenged in any court! Now, according to the amended bill, the decision of the tribunal can be challenged in the revenue court, civil court and the high court. There are many such points and arrangements in Wakf, which it is the responsibility of the Parliament to bring under the ambit of law.

# The blueprint of future relations is ready, some issues are expected to be resolved

There are some issues between India and America but due to the deep understanding of mutual interests and the intimacy between Modi and Trump, they are expected to be resolved in the future. Trump's attitude is going to be more aggressive in his second term. Many bilateral issues including defense business were discussed between PM Modi and President Donald Trump. Warmth was seen in their meeting. The unstable, unpredictable and unpredictable nature of US President Donald Trump is well known. In his second term, he has surprised the whole world with one decision after another in his familiar style. It is clear from his attitude that his attitude is going to be more aggressive in his second term as President as compared to the first term. He is setting the priorities of America afresh. In such a situation, countries around the world are also having to make a new outline of their relations with America. At such a time, all eyes were on the US visit of Indian Prime Minister Narendra Modi. In the talks between the two leaders, there were chances of many complicated issues getting resolved and a blueprint of bilateral relations for the next four years was also drawn. Personal intimacy was also seen in the meeting between Prime Minister Modi and President Trump. While warmly welcoming PM Modi at the White House, President Trump said that 'he was missing him.' After the Israeli Prime Minister, Japanese Prime Minister and the King of Jordan, Modi is the fourth global leader whom Trump hosted in his second term. In this way, the importance of this visit can be easily understood even symbolically. Given Trump's personality, personal relations play a very important role in maintaining good equations with him. Addressing the Prime Minister as a friend, Trump also described him as a 'tough negotiator' i.e. strict and skilled in bargaining. PM ??Modi also underlined the shared vision by showing similarity between Trump's vision 'Make America Great Again' and his concept 'Developed India'. Seeing the way countries around the world are engaged in restructuring their relations with America, India too had to do this work sooner or later. This process has also started formally with the Prime Minister's visit. The Trump administration is very aggressive about tariffs at this time and just a few hours before the meeting with PM Modi, Trump also announced to take steps regarding retaliatory tariffs. Naturally, this issue has been discussed between the two leaders. President Trump has definitely announced retaliatory tariffs, but the assessment and other aspects for it are yet to be decided. In such a situation, there is still scope for India to keep its interests safe. Now it depends on the negotiators how it is taken forward. However, both the countries have set a target of taking bilateral trade to $ 500 billion by the year 2030. It is certain that trade between the two countries will increase in the coming days and efforts will be made to remove the possible obstacles in this path in time. The US has offered India state-of-the-art defence technology and oil and gas as well as other emerging technologies, which will give a new dimension to trade relations. The strategic partnership between the two countries for mutual interests from the Indo-Pacific to West Asia will be further strengthened by military technology transfer. While the sale of oil and gas will ensure India's energy security, diversification in hydrocarbon purchases will increase and dependence on some parties will decrease. Similarly, the growing cooperation between the two sides in newly emerging areas like Artificial Intelligence (AI) will benefit not only the bilateral but also the global system. The way Trump is active and committed to reducing tensions between Russia and Ukraine, it will also make global trade easier for India, because the Biden administration had imposed many sanctions on Russia. Similarly, Trump has left the matter of Chabahar port to Foreign Minister Marco Rubio to decide what to do. This indicates that India will continue to get exemption. On the strategic front too, the jugalbandi of the two countries is getting better. Both countries have reaffirmed their commitments to efforts ranging from West Asia to the Indo-Pacific region. While I2U2 will be expanded in West Asia, the Indian Ocean Initiative has been announced for the Indo-Pacific. The US repeatedly reiterates the need for an independent and free Indo-Pacific region and has been giving importance to India's partnership in ensuring this. Such efforts of both countries are also very necessary for the growing challenge of China and the security of major global trade routes. The common concern of both the countries also came to the fore on the issue of terrorism. The US has approved the extradition of Tahawwur Rana. The US has also agreed with India's concerns about regional security. In the case of Bangladesh, which is creating problems for India, President Trump clearly said that Prime Minister Modi should decide what to do in the case of this neighboring country. This should be considered a strong message for the interim government of Bangladesh, which is believed to have come into existence only due to the grace of the Biden administration. Economic, strategic and strategic issues were discussed in Prime Minister Modi's visit to America. There is a broad consensus on bilateral and strategic relations. Both countries have moved forward in the direction of shaping relations in accordance with the requirements of the 21st century. There are still some issues which are complicated, but given the intimacy between Modi and Trump and their deep understanding of mutual interests, there is hope of their resolution in the coming times.

# Kashi Tamil Sangamam is a unique celebration of cultural diversity

Kashi Tamil Sangamam The Kashi Tamil Sangamam event is not just a celebration but it is a reaffirmation of our collective identity. Union Education Minister Dharmendra Pradhan has announced that the third edition of this program will be celebrated in the memory of Maharishi Agastyaar (Agastya), one of the most respected saints of India. It will strengthen the connection between Tamil Nadu and Kashi, the ancient centers of education and cultural heritage. The third edition of Kashi Tamil Sangamam is starting from today. It is another proof of India's unity in diversity. This unique cultural confluence, to be held between February 15 and 24, brings together two of the most ancient and spiritually rich regions of the country - Kashi and Tamil Nadu. This unique cultural confluence promotes deep civilizational bonds beyond geography. Kashi Tamil Sangamam was inaugurated by Prime Minister Narendra Modi in 2022. This year is the third edition of the cultural program. Launched as part of Azadi Ka Amrit Mahotsav celebrations, this initiative of the Government of India upholds the spirit of Ek Bharat Shreshtha Bharat. Union Education Minister Dharmendra Pradhan has announced that the third edition of the event will be celebrated in memory of Maharshi Agasthiyar (Agastya), one of the most revered saints of India. Maharshi Agasthiyar's intellectual prowess serves as the foundation of Tamil language and literature, shared values, knowledge traditions and heritage. This year Kashi Tamil Sangamam holds special significance as its event period coincides with Maha Kumbh and is the first Sangam after the 'Pran Pratishtha' of Shri Ramlala in Ayodhya. With the backdrop of Maha Kumbh and Shri Ayodhya Dham and the main focus on Maharshi Agasthiyar, Kashi Tamil Sangamam will provide an immersive experience. It will strengthen the bond between Tamil Nadu and Kashi, two of the most ancient educational and cultural heritage centres of India, like never before. For Kashi Tamil Sangamam 3.0, the government has planned to bring around 1,000 delegates from Tamil Nadu. There is a special emphasis on encouraging youth participation. During Kashi Tamil Sangamam, attendees will experience the fine art of both Kashi and Tamil Nadu. For centuries, Tamil saints, sages and scholars have visited Kashi, enriching its spiritual and educational landscape. The Tamil community has revered Kashi as a holy place. This exchange of knowledge and traditions has been reciprocal. From Adi Shankaracharya to Mahakavi Subramanya Bharathiyar, the Tamil cultural footprint in Kashi has been deep and enduring. The home of Mahakavi Bharathiyar, one of the greatest Tamil literary figures, is a pilgrimage site on the banks of Hanuman Ghat in Kashi. The Kashi-Tamil Nadu connection is centuries old. Tamil saint Kumaragurupara Desikar founded the Kumaraswamy Matha at Hanuman Ghat in the 17th century, establishing a Tamil presence in Kashi. The Srikashi Naattukottai Nagarathar Satram has provided prasad facilities at the Kashi Vishwanath temple for over 200 years. Certain divisive forces have attempted to disrupt our social fabric and in this context have tried to pit one region against another, one language against another. However, under the visionary leadership of Prime Minister Modi, India has firmly embarked on the path of unity, development and inclusiveness. The 'Sabka Sath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas, Sabka Prayas' approach is the guiding principle shaping national policies, ensuring equitable progress for every community and region. Prime Minister Modi has consistently championed linguistic and cultural harmony. His deep affection for Tamil culture is well known. His speeches often highlight the rich heritage of Tamil literature, language and traditions. He has repeatedly emphasised that Tamil is one of the oldest languages ??in the world, a matter of pride for the entire nation. His commitment to the preservation and respect of Tamil history was demonstrated by the establishment of the Tiruvalluvar Cultural Centre in Singapore and his participation in the Mahakumbhabhishekam ceremony at the Murugan Temple in Jakarta. Inaugurating the Kashi Tamil Sangamam-2023 in Varanasi, the Prime Minister had flagged off the Kanyakumari-Varanasi Tamil Sangamam train and launched multilingual and Braille translations of the Tirukkural, Manimekalai and other classic Tamil literary works. He also released the Tirukkural in Gujarati and Tok Pisin, a language of Papua New Guinea, to bring Indian thought and culture closer to the people of this Southwest Pacific nation. This initiative strengthens his deep connection with Tamil Nadu and underlines India's broader commitment to preserve and promote its rich heritage. The third leg of the Kashi-Tamil Sangamam will witness thousands of participants from Tamil Nadu witnessing the eternal ties that unite the nation. This event is not just a celebration but a reaffirmation of our collective identity. Under the leadership of Prime Minister Modi, India is moving on the path of cultural inclusiveness, so that every language, every tradition and every community gets due recognition in our national narrative.

# मण्डलायुक्त ने स्मार्ट क्लास में पढ़ रहे बच्चों से किया संवाद स्थापित, जो भी कार्य करें उसे पूर्णता मनोयोग से करें-मण्डलायुक्त

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह द्वारा आज ग्राम पंचायत मनोहरपुर विकास खण्ड मुरादाबाद में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स आधारित स्मार्ट आंगनवाडी केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान मण्डलायुक्त, अधिकारी द्वारा आंगनवाडी केन्द्र में चल की जानकारी ली गयी। इसके साथ ही विद्यालय मनोहरपुर के परिसर में स्थापित स्थापित किया गया। मण्डलायुक्त ने बच्चों इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को आजादी को बेसिक ज्ञान को बढ़ाने पर जोर दिया। बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने नियम है, जिसके अन्तर्गत देश, राज्य, जिले, है वह संविधान व्यवस्था के अन्तर्गत आती प्रदान करते हुए बताया कि ब्रिटिस शासन नियम कानून हैं, के बारे में भी छात्रों को कहा कि जो भी कार्य करें, दिल से करें विशेष दर्जा दें। उन्होंने बच्चों से कहा कि ज्यादा पढ़ने व लिखने की आदत बनाओं। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी भवन में गर्भवती महिलाओं को पोषण उपस्थित छोटे बच्चों का अन्नप्रासंन्न भी मण्डलायुक्त ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों




जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास रही बाल विकास संबंधी गतिविधियों मण्डलायुक्त द्वारा पूर्व माध्यमिक स्मार्ट क्लास में पढ़ रहे बच्चों से संवाद से संविधान के संबंध में प्रश्न किए, के बारे में जानकारी दी और बच्चों उन्होंने बच्चों को जिला कलेक्टर के बताया कि संविधान देश चलाने का तहसील, ब्लाक में जो कार्य प्रणाली है। उन्होंने आजादी के बारे में जानकारी में क्या नियम कानून थे और अब क्या विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने और किताबों को अपने जीवन में एक किताबों को पढ़ा करों और ज्यादा से निरीक्षण उपरान्त मण्डलायुक्त, द्वारा ग्राम मनोहरपुर में बने पंचायत पोटली वितरित की गयी एवं वहां पर कराया गया। इस अवसर पर पर मुख्य रुप से सरकार का फोकस है कि आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों को बेहतर विशेष सुविधाओं के साथ शिक्षा उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा बेहतर हो इसके लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ए0आई0 तकनीक से मानीटरिंग की शुरुआत की गयी है। ए0आई0 के माध्यम से आंगनवाडी सेन्टरों पर बच्चें पढ़ रहे हैं या नहीं, शिक्षा में ग्रोथ हुआ है या नहीं, शिक्षा स्तर एवं हेल्थ चैकअप, आंगनवाडी कार्यकत्री निरन्तर एक्टिविटी करा रही है या नहीं, आंगनवाडी सेन्टर नियमित खुल रहे हैं या नही, इन सभी गतिविधियों की ए0आई0 के माध्यम से मानीटर हो सकेंगी। इससे बच्चों का सर्वांगीर्ण विकास में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर व ब्लाक स्तर पर प्रत्येक आंगनवाडी सेन्टर की मानीटरिंग कर सके इसकी आज से शुरुआत की गयी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, जिला पंचायतीराज अधिकारी श्री वाचस्पति झा, जिला काय्रक्रम अधिकारी श्रीमती जानकी देवी, जिला विकास अधिकारी श्री जी0बी0 पाठक, खण्ड विकास अधिकारी मुरादाबाद, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारीगण एवं आमजन मानस उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यो तथा सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन बापू सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी।बैठक में आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के अन्तर्गत डिजिशक्ति योजना, राइट ऑफ वे संबंधी, आबकारी विभाग के अन्तर्गत उत्पन्न राजस्व के बनाम लक्ष्य के अन्तर्गत मण्डी आय एवं मण्डी आवक के विकास एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के अन्तर्गत निस्तारित आवेदनों संबंधी, प्रधानमंत्री आवास विषयों पर चर्चा की गयी, जिस पर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारी से गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी में पॉवर कट एवं ट्रिपिंग संबंधी समस्याओं को के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधीक्षण ठाकुरद्वारा की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त में लाने के निर्देश दिए। पीएम मत्स्य संपदा अधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस योजना में शाामिल न किया जायें। उन्होंने कृषक दुर्घटना योजना के अन्तर्गत लम्बित एवं मण्डी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को दुरस्त समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम कुसुम रजिस्ट्री, फैमिली आईडी सहित अन्य कृषि




संबंधी, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार संबंध में, गन्ना मूल्य भुगतान संबंधी, नगरीय अमृत 2 योजना, जल एवं सीवर संयोजन में योजना शहरी में प्रगति के संबंधी इत्यादि जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला गन्ना जानकारी लेते हुए गन्ना भुगतान शत-प्रतिशत ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को ठाकुरद्वारा प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए निस्तारण अभियन्ता विद्युत को अधिशासी अभियन्ता करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही को अमल योजना के अन्तर्गत मत्स्य विभाग के जिन तालाबों में गंदा पानी आता हो उनको मण्डी सचिव को निर्देशित किया मुख्यमंत्री आवेदनों को निस्तारण हेतु कार्यवाही करने रखने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, फार्मर आधारित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान उप निदेशक कृषि की कार्यप्रणाली पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित अधिकारियों को लम्बित आवेदनों को यथोचित कार्यवाही कर आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना संबंधी, पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं प्रतिपूति शुल्क योजना, पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना, शादी अनुदान योजना के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ससमय लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को विद्युत बिल संबंधी आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता स्तर पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को सड़कों की मरम्मत पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे कूडा, गोबर इत्यादि को हटवाने हेतु उचित कार्यवाही करने और आर0आर0आर0 सेंटर को क्रियाशील बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में एकीकृत बागवानी विकास मिशन संबंधी, विद्युत विभाग की खण्डवार लाईन लॉस संबंधी, दैनिक विद्युत आपूर्ति संबंधी, कृषि विभाग के अन्तर्गत कृषि रक्षा रसायन डीबीटी संबंधी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि संबंधी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संबंधी, पीएम कुसुम योजना संबंधी, ग्राम विकास के अन्तर्गत डे एनआरएलएम बैंक क्रेडिट लिमिटेड संबंधी, मनरेगा संबंधी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अन्तर्गत भवन एवं सड़क निर्माण संबंधी, पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत में व्यय धनराशि संबंधित, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण संबंधी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 संबंधी, प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण परीक्षा आंकलन संबंधी, मध्यान्ह् भोजन एवं छात्रों की उपस्थिति संबंधी, पशुपालन विभाग के अन्तर्गत निराश्रित गोवंशों का संरक्षण संबंधी, पशु टीकाकरण संबंधी, संरक्षित निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी संबंधी सहित अन्य विभागों की विभिन्न योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित हेतु यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र, एमडीए सचिव श्रीमती अजुंलता, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रिज श्री योगेश कुमार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। पीठासीन अधिकारी श्री संजय कुमार द्वितीय ने सहायक लेखाकार पद से सेवानिवृत्त कर्मियों को सूचित किया है कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जनपद मुरादाबाद में सहायक लेखाकार के पद हेतु सेवानिवृत्त कार्मिक को संविदा के आधार पर इस शर्त के अधीन रखा जाना है कि ऐसे कार्मिकों को संविदा के रुप में मिलने वाली राशि संबंधित कार्मिक के अन्तिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर होगी। नियुक्ति में ऐसे सेवानिवृत्त कर्मी को वरियता दी जाएगी जो न्यायालय कार्य से भिज्ञ हो तथा सहायक लेखाकार के पद का कार्य सम्पादित करने में समक्ष/दक्ष हो। सभी इच्छुक अभ्यर्थी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जनपद मुरादाबाद के कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर दिनांक 25 फरवरी 2025 तक अधिकरण में जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन इस कार्य हेतु गठित समिति के द्वारा किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण मुरादाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, उछलकर सड़क पर गिरे सवार, दो मासूमों की मौके पर ही मौत

मुरादाबाद -भोजपुर थाना क्षेत्र में सिरसवां दोराहे के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो मासूमों की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार हवा में उछलकर होकर गड्ढे में पलट गई। दो मासूमों की मौके पर मोनिस बाइक चला रहा था। बाइक पर उसकी (25) पत्नी मानिक, छह माह का भांजा माही सिरसवां दोराहे से गुजरते वक्त पीछे से आई तेज की गोद में बैठा छह माह का माही और मोमीना चोट लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया।भाग हड्डी टूट गई, जबकि मोमीना और मोनिस को भी किनारे खाई में पलट गई, चालक मौके से फरार घायलों को अस्पताल भेजा।पुलिस कर रही आरोपी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और घायलों का





सड़क पर जा गिरे। इसके बाद कार भी अनियंत्रित मौत-रामपुर जिले के लाम्बाखेड़ा टांडा निवासी बहन शाहीन (27) पत्नी नफीस, भाभी मोमीना और डेढ़ साल की भतीजी जुमैरा भी सवार थे। रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे शाहीन की गोद में बैठी डेढ़ साल की जुमैरा सिर में गंभीर निकला कार चालक-दुर्घटना में शाहीन के पैर की गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद कार भी सड़क हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और की तलाश-पुलिस ने दोनों मासूम बच्चों के शव इलाज चल रहा है। वहीं, फरार कार चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे हादसा हुआ। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक का पता लगाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में छात्रों को क्या सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ

मुरादाबाद- एवरग्रीन पब्लिक स्कूल बारबरा मझरा रामपुर दोराहा में मैथ्स एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 5 से 8 तक के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग



किया विद्यालय की प्रबंधक श्रीमति राना परवीन ने सभी प्रतिभागियों के मॉडल का निरीक्षण क्या एवं प्रशंसा करते हुए बताया कि सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह के साथ मॉडल बनाएं वह अपने मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी इस तरह की प्रदर्शनी बच्चों के ज्ञान वर्धन के लिए जरूरी है प्रदर्शनी के लिए विषय की टीचर मिस अमन वे मिस जोहरीना ने बहुत मेहनत से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया विद्यालय के सचिव श्री सरवर अली और ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया

### दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर दर्दनाक हादसा, खड़ी डीसीएम में घुसी बाइक...तीन छात्रों की मौके पर मौत

मुरादाबाद -सोमवार को दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर पाकबड़ा थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के तीन छात्रों की मौत हो गई। तीनों छात्र रोज की तरह यूनिवर्सिटी से अपने घर लौट रहे थे, तभी लौधीपुर राजपूत के पास सड़क किनारे खड़ी एक डीसीएम से उनकी बाइक टकरा गई। तेज रफ्तार होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से डीसीएम में घुस गई, जिससे तीनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हाईवे पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया, जहां







डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में जान गंवाने वाले छात्र जिला अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कला के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान अमित कुमार (22) पुत्र दिनेश कुमार, शोभित (20) पुत्र प्रमोद और शिवा (21) पुत्र वीरेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह- अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कला निवासी तीनों युवक रोज की तरह अपनी स्प्लेंडर बाइक से आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में बीएससी फर्स्ट ईयर की कक्षाएं अटेंड करने के बाद घर लौट रहे थे। जब वे पाकबड़ा थाना क्षेत्र के लौधीपुर राजपूत पहुंचे, तो उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी डीसीएम से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि तीनों छात्रों के सिर में गंभीर चोटें आईं, क्योंकि उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों छात्रों को निजी अस्पताल ऊरू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीन छात्रों की मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक और डीसीएम को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मेरी आंखों के सामने मां-बाप और बहन मारे गए, मैं कुछ न कर सका... युवक का छलका दर्द

दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ में जान गंवाने वाले दंपति की अंतिम यात्रा एक साथ हुई और उनकी चिताएं एक साथ जलायी गईं। इस मौके पर गांव में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों की भीड़ जुटी थी। वहीं, बेटे ने खौफनाक मंजर में दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में शिकार हुए पैतृक गांव पहुंचा, तो वहां भारी शोक की लहर आंसू थे और गांव में कोहराम मच गया। एक साथ हुई और उनकी चिताएं नून नदी के किनारे एक स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों की भीड़ जुटी मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर में जलाया मुकेश कुमार ने दिल्ली हादसे की दर्दनाक कहानी सदस्य प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए दिल्ली स्टेशन थे। एक ट्रेन पहले ही प्लेटफार्म से रवाना हो चुकी कुछ लोग उस ट्रेन में सवार नहीं हो पाए। फिर दूसरी की गई। जैसे ही यह घोषणा हुई, प्लेटफार्म-15 की कि वह अपने माता-पिता, भगिनी और अन्य





की दास्तान भी सुनाई।समस्तीपुर जिले के कोठिया गांव दंपति विजय साह और कृष्णा देवी का शव जब उनके दौड़ गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों की आंखों में जलीं दंपति की चिताएं-दंपति की अंतिम यात्रा एक साथ साथ जलायी गईं। इस मौके पर गांव में भारी संख्या में थी। हालांकि उनकी नतनी सुरुचि कुमारी का शव गया।दंपति के बेटे ने सुनाई दर्दनाक कहानी दंपति के बेटे सुनाई। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के करीब 12 पहुंचे थे और प्लेटफार्म-13 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थी, लेकिन क्योंकि प्लेटफार्म पर अत्यधिक भीड़ थी, ट्रेन प्लेटफार्म-15 पर आने वाली थी, जिस बारे में घोषणा ओर जाने के लिए अफरा-तफरी मच गई। मुकेश ने बताया रिश्तेदारों के साथ प्लेटफार्म-15 की ओर बढ़े, लेकिन अचानक भगदड़ मच गई। लोग अचानक रुक गए और इसके बाद पीछे से आ रहे लोग एक-दूसरे पर चढ़ने लगे। इस दौरान मुकेश खुद गिर पड़ा और वह अपनी मां, पिता और भगिनी को बचा नहीं सका। उन्होंने कहा कि वह उस समय एक पुलिस अधिकारी से मदद की गुहार लगा रहे थे, लेकिन वह भी वहां से भाग गए।दो घंटे तक कोहराम मचता रहा-मुकेश ने बताया कि हादसे के बाद भी करीब दो घंटे तक प्लेटफार्म पर लोग पड़े रहे। कुछ लोग दर्द से कराह रहे थे, जबकि कई लोगों की जान जा चुकी थी। जब आरपीएफ के लोग मौके पर पहुंचे, तब उन्हें अस्पताल भेजा गया। मुकेश के माता-पिता और भगिनी को मृत घोषित कर दिया गया। मुकेश कुमार दिल्ली में अपने छोटे भाई नीतीश के साथ रहते हैं। वह पहले किसी अन्य के लिए कबाड़ी का काम करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपना खुद का कारोबार शुरू कर दिया है। वह परिवार के साथ दिल्ली में ही रहते है। उनकी इच्छा थी कि पहले परिवार के लोग दिल्ली आएं और फिर सभी मिलकर कुंभ स्नान के लिए जाएं, लेकिन इस हादसे ने उसकी यह इच्छा पूरी नहीं होने दी। जानकारी के मुताबिक, विजय साह मूलतः ग्रामीण इलाकों में केले का कारोबार करते थे। उसमें परिवार उनका साथ देता था। उनका व्यवसाय उपजने वाले केले की खरीदारी और उसे बाजार में बेचना था। पहले उनके दोनों बेटे मुकेश और नीतीश इस कारोबार में हाथ बंटाते थे, लेकिन आय कम होने के कारण दोनों बेटे दिल्ली काम करने के लिए चले गए। यह हादसा न केवल विजय साह और कृष्णा देवी के परिवार के लिए एक बड़ी त्रासदी है, बल्कि पूरे गांव में भी शोक की लहर है।

## जिला अस्पताल में छाया अंधेरा, नहीं चला जनरेटर, मोबाइल की रोशनी में लगाए इंजेक्शन

जिला अस्पताल में अंधेरा छाने से एक घंटे तक मरीज व तीमारदार परेशान रहे। पहले भी इस तरह के मामले आ चुके हैं।एक दिवसीय दौरे पर महोबा आईं पूर्व केंद्रीय मंत्री व महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने विपक्षी नेताओं पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कुंभ को फालतू बताने वाले लालू यादव के बयान पर तीखी प्रक्रिया दी। कहा कि यह वही लालू हैं, जिन्होंने अयोध्या राम जन्मभूमि पर शौचालय बनाने की बात कही थी। प्रयागराज में चल रहे पवित्र महाकुंभ का अपमान



करने को जवाब जनता देगी।महामंडलेश्वर सोमवार को नगर पालिका परिषद सभागार में कहा कि उन्होंने वक्फ बोर्ड की तरह सनातन बोर्ड की मांग का भी समर्थन किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वो करके दिखाया है, जो कोई भी प्रधानमंत्री नहीं कर पाया। कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारतवंशी विदेश जाता था तो अलग नजरिए से देखा जाता था। अब विदेश जाने पर वहां के लोग आतुर होकर उनसे मिलते हैं। केंद्र के बजट में व्यवसायियों को बड़ी यूनिट लगाने के बजाय छोटी यूनिट लगाए जाने पर जोर दिया गया है। रेलवे व एयरपोर्ट के जरिए उत्तर प्रदेश को पूरे देश से जोड़ने का प्रयास किया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष चौरसिया, पूर्व मंत्री सिद्ध गोपाल साहू, अंकुर शिवहरे, दिपाली तिवारी आदि मौजूद रहे।

## 7 साल से चल रहा पति से विवाद...पत्नी ने रची खौफनाक साजिश, दी ऐसी मौत; तड़प-तड़पकर युवक ने तोड़ा दम

पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। तीन बच्चों के साथ पत्नी अलग रहती थी। कुछ दिन पहले पत्नी ने पति को घर बुलाया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद युवक की तबीयत बिगड़ गई।फिरोजाबाद में थाना रामगढ़ क्षेत्र में सोमवार को सुबह युवक मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा मिला। युवक की मां ने पत्नी पर विषाक्त पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराते हुए जांच कर रही है। इसके अलावा उसका विसरा प्रिजर्व भी कराया गया है।नगला मिर्जा बड़ा निवासी जीतू ( 30 ) का पिछले सात साल से अपनी पत्नी सरिता से जमीनी विवाद चला आ रहा है। सरिता अपने तीन बच्चों के साथ पति से अलग रहती है। सोमवार सुबह नौ बजे जीतू की संदिग्ध अवस्था में तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे सरकारी ट्रॉमा सेंटर लेकर आए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां चंद्रवती का आरोप है कि तीन दिन पूर्व सरिता ने उसे अपने घर बुला लिया था और उसे खाने में विषाक्त पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। दो दिन अस्पताल में भर्ती कराने पर आराम मिला, लेकिन फिर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी संजीव दुबे ने बताया कि युवक पिछले कई माह से बीमार रहता था। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पीएम के अलावा विसरा प्रिजर्व भी कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## एन 0एस 0 एस0 के स्वयंसेवियों सड़क सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन श्री पी0 सी0 आज़ाद इण्टर कॉलेज के स्वयं




सेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा रैली गांव धौरेरा माफ़ी में निकाल कर लोगों को वाहन चलते हुए सड़क पर क्या- क्या सावधानियां रखनी चाहिए। उनके प्रति जागरूक किया गया। दूसरे सत्र में प्राइमरी स्कूल परिसर में एक सड़क सुरक्षा को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे स्वयंसेवकों को सड़क पर वाहन चलाने एवं अपने परिवार और आस-पास के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया । इस दौरान शिक्षक हेमपाल , विनोद कुमार सुरेंद्र शर्मा ,आरती पांडे ,शालिनी सक्सेना , भारती माला का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी जलज सक्सेना ने किया।

## कच्चे तेल की तलाश, अफसरों ने डाला डेरा, कई जगह कराई बोरिंग...जांच जारी

बदायूं जिले में कच्चे तेल का भंडार होने की संभावना के चलते अल्फाजियो ( इंडिया ) कंपनी की टीम सर्वे कर रही है। कंपनी के अधिकारी उधैती क्षेत्र में डेला डाले हुए हैं। जमीन में बोरिंग कराकर जांच कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में कच्चे तेल होने की संभावना के चलते अल्फाजियो ( इंडिया ) लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों ने उधैती क्षेत्र में डेरा जमाया हुआ है। रविवार को कंपनी के कर्मचारियों ने रघुनाथपुर पीपरी गांव के पास एक खेत में बोरिंग कराकर तेल तलाशने की कोशिश की। चार दिन पहले भी गांव में एक दूसरे स्थान पर बोरिंग की गई थी। इससे पहले भी गांव में ही अक अन्य स्थान पर बोरिंग हो चुकी है।



हालांकि अभी तक कामयाबी हाथ नहीं लग सकी है। वहीं, जिले में कच्चे तेल का भंडार होने की अटकलें भी फिर से शुरू हो गई हैं।अल्फाजियो ( इंडिया ) लिमिटेड कंपनी को जिले में जहां-जहां कच्चा तेल होने के संकेत मिल रहे हैं, वह वहां-वहां वैज्ञानिक विधि से बोरिंग करा रही है। कच्चा तेल होने की पुष्टि के बाद इस दिशा में कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। रविवार को उधैती क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर पीपरी में कंपनी के कर्मियों ने तिपाई लगाकर बोरिंग कराई गई। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उधैती के अलग-अलग स्थानों पर बोरिंग और अन्य वैज्ञानिक विधियों से कच्चे तेल की खोज कर रहे हैं। जिन स्थानों पर तेल होने के अंश प्राप्त हुए हैं, वहां पर तिपाई लगाकर बोरिंग कराई जा रही है। इसके बाद कुछ दूरी पर जीपीएस लगाया जाएगा।अधिकारियों ने बताया कि शूटर मशीन से जमीन के अंदर ब्लास्ट किया जाएगा, जिसकी रीडिंग जीपीएस से ली जाएगी। गणना के बाद ही तेल के भंडार होने के बारे में पता चल सकेगा। बताया जा रहा है कि उद्यैती क्षेत्र में कुछ स्थानों पर निकाले गए पानी में कच्चे तेल के अंश मिले हैं। पांच फरवरी को कंपनी की टीम उधैती के गांव टिटोली पहुंची थी। जहां पूर्व में भी कच्चे तेल के संकेत मिले थे। जिसके चलते करीब 500 फीट से अधिक गहराई की बोरिंग कराई गई। पानी निकालकर नमूना लिया गया था। वहीं, इलाके में एक बार फिर से कच्चा तेल होने की अटकलें शुरू हो गई हैं।

## अखिलेश यादव बोले- धार्मिक आयोजनों का राजनीतिकरण कर रही भाजपा

कन्नौज पहुंचे अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी धार्मिक आयोजनों का राजनीतिकरण कर रही है।कन्नौज पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा धार्मिक आयोजनों और धार्मिक स्थानों का राजनीतिकरण कर रही है। इतिहास गवाह है कि कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन ने कुंभ की परंपरा शुरू की थी और हर बार कुंभ में वह अपना सर्वस्व दान कर देते थे। वैसे यह पौराणिक है और इसके आयोजन के



बारे में किसी को स्पष्ट जानकारी नहीं है। भाजपा वाले कह रहे हैं कि कुंभ उन्होंने शुरू किया। इसका नाम महाकुंभ रख दिया। कहा 144 साल बाद महाकुंभ आया है। भाजपा के लोग क्या वैज्ञानिक हैं।सरकार ने कुंभ का न्यौता दिया। ऐसा पहली बार हुआ है, भला कुंभ का न्यौता भी दिया जाता है? यदि बुलाया तो इंतजाम करना चाहिए था सरकार को। लोग स्नान नहीं कर पाए, भूख प्यास से व्याकुल होकर जाम में फंसे रहे। कितनी मौतें हुईं, इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही है। जब लोग थाने गए तो वहां से भगा दिया गया और कहा गया कि जिस थाना क्षेत्र के रहने वाले लोग हैं, वहीं एफआईआर होगी। आठ ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की बात की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कह रहे कि महाकुंभ से 2 लाख करोड़ की आय होगी, जबकि मेला क्षेत्र में दुकान लेने वाले व्यापारियों को घाटा हो गया। कुल मिलाकर डबल इंजन की सरकार इस आयोजन को लेकर विफल रही है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### थाना कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तगण को भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच

आज एसएसपी डा0 ब्रजेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्री अमित किशोर श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, बदायूं के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा





सुन्दरनगर जाने वाले रोड पर 03 अभियुक्तगण 1. जाहिद पुत्र शाहिद निवासी गली नं0 02 मोहल्ला देहली गेट थाना देहली गेट जिला अलीगढ 2. गुड्डु पुत्र महबूब निवासी मुमताज नगर थाना वजीरगंज जिला बदायूँ 3. बादल पुत्र राजीव कुमार निवासी रामघाट रोड थाना सिविल लाइन जिला अलीगढ़ को 6 किलो डोडा छिलका के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 63/2025 धारा 8/15 एनडीपीएस पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### स्वजन झूठा मुकदमा लिखवाने का बना रहे हैं दबाव न मानने पर जान से मारने की दे रहे है धमकी

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ खैर- थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने एसएसपी अलीगढ़ के यहां एक प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें आरोप लगाया है कि उसके स्वजन गांव के ही एक युवक के खिलाफ रंजिशन झूठा मुकदमा लिखवाने का दबाव बना रहे है। और बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। स्वजन की धमकियों से परेशान होकर वह अपनी एक सहेली के यहां रह रही है। युवती ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है।



### हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार बिथरी चैनपुर में सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख के पति हरेन्द्र पटेल, खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर



